श्रावण शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

सोमवार, 19 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 273, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



# रंग दे बसंती चोला के जरिए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● रिद्धिमा में जलियांवाला बाग हत्याकांड पर नाटक का मंचन

**अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में रविवार को नाटक रंग दे बसंती चोला के जरिये जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। नई दिल्ली के थिएटर लीला एक्टिंग स्टूडियो की ओर से प्रस्तुत, साहित्यकार भीष्म साहनी लिखित और वरुण शर्मा निर्देशित नाटक रंग दे बसंती चोला 1919 में हुए जलियांवाला बाग नरसंहार की दिल दहला देने वाली घटनाओं की याद दिलाता है।

जब जनरल डायर की कमान के तहत ब्रिटिश सैनिकों ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीय नागरिकों की शांतिपूर्ण सभा पर गोलियां चला दी थीं।

नरसंहार स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण मोड़ बन गया, जिसने देश को औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रेरित किया। इसमें राहुल ने जनरल डायर, आर्यन अग्निहोत्री ने माइकल ओडवायर, संभव गुप्ता ने माइकल इरविंग, ईशान जैन ने हेमराज, दिव्या पटेल ने रत्ना देवी की भूमिका निभाई।

वहीं सरदार के रूप में मानस राज और किशना के रूप में रश्मी ने शानदार अभिनय किया। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. रजनी अग्रवाल, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।